कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.12.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज की पूनम उत्कृष्ट खिलाड़ी

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने अंतरमहाविद्यालयीन सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व कायम रखा।

सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय अन्तर महाविद्यालयीन महिला एवं पुरुष एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग की एथलिट कु. प्रिया शिखा ने गोला फेक प्रतियोगिता में विजेता रहीं तथा पायल नेताम उपविजेता रहीं। भाला फेक प्रतियागिता में पायल नेताम एवं प्रिया शिखा ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कु. हिना निर्मलकर ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनका चयन बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये हुआ है।

डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता में दुर्ग सेक्टर की टीम विजेता रही। इस टीम में गर्ल्स कॉलेज दुर्ग की छः खिलाड़ी शामिल थी। जिसमें कु. पूनम नायक (कैप्टन) को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में ज्योति प्रज्ञापति, अर्चना निषाद, आरती सिंह, आंचल यादव एवं डी. अश्वनी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने बधाई दी है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज की पूनम उत्कृष्ट खिलाड़ी